# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक जागरण........

दिनांक ...7.8.2019... पृष्ठ सं. ...19... कॉलम ...2-5...


# जल संचयन करना हमारा मौलिक दायित्व : डा. संजेश

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग की ओर से एक दिवसीय जल संरक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद कुलपति प्रो. केपी सिंह की धर्मपत्नी डा. संजेश सिंह ने कहा कि जल हमारे जीवन का मूल है और इसका संरक्षण हमारा प्रथम दायित्व है।



मुख्य अतिथि डा. संजेश महिलाओं को ट्रेनिंग किट देते हुए। • जागरण

जल ही जीवन है, परन्तु जब इसे संरक्षित करने की बात आती है तब हम भूल जाते हैं और रोजमर्रा की जिंदगी में जल संचयन करने के बजाय इसे व्यर्थ करते हैं। यह हमारा मौलिक दायित्व बनता है कि हम जल को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करे। डा. संजेश ने होम सांइस कालेज के प्रांगण में पौधारोपित करके कार्यक्रम की शुरुआत की और सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। इस दौरान एफसी कालेज की प्रिंसिपल व अनुसंधान निदेशक की धर्मपत्नी डा. अनिता सहरावत विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थी। विशिष्ट अतिथि डा. अनिता सहरावत ने सभी से अनुरोध किया कि घर के कार्यों में इस्तेमाल लेने वाली पानी को व्यर्थ न बहाएं।

कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं संचयन विषय में जागरूकता लाने के लिए नारा लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। होम सांइस कालेज की डीन डा. बिमला ढांडा ने सभी अतिथियों को पौधा भेंट किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उन महिलाओं ने भाग लिया, जिन्होंने विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग से नर्सरी तैयार करने, दुग्ध उत्पाद एवं ज्वैलरी और बैग मेकिंग की ट्रेनिंग ली थी। इस अवसर पर महिलाओं को स्वरोजगार करने के लिए ट्रेनिंग किट भी दी गई। कार्यक्रम में 70 महिलाओं व 100 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में डा. बीना यादव ने स्वागत और डा. सुषमा कौशिक ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मृदा एवं जल अभियांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. संजय कुमार, डा. मंजु महता और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........अमर उजाला........

दिनांक ...7.8.2019... पृष्ठ सं. ....2.... कॉलम ...1-2...



# आओ पौधरोपण कर जीवन बचाएं

अमर उजाला

पौधरोपण करतीं मुख्य अतिथि डॉ. संजेश।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक भास्कर....................

दिनांक ...7.8.2019... पृष्ठ सं. ....5..... कॉलम ...2-3...........

# आने वाली नस्लों के लिए जल संरक्षण जरूरीः डॉ संजेश

भास्कर न्यूज| हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग द्वारा एक दिवसीय जल संरक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें विवि की प्रथम महिला डॉ. संजेश सिंह मुख्य अतिथि, जबकि एफसी कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. अनिता सहरावत विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रही। इस दौरान डॉ. संजेश सिंह ने कहा कि जल हमारे जीवन का मूल है और इसका संरक्षण हमारा प्रथम दायित्व है। जल ही जीवन है मगर जब इसे संरक्षित करने की बात आती है तब हम भूल जाते है और रोजमर्रा की जिंदगी में जल संचयन करने के बजाय इसे व्यर्थ करते हैं। यह हमारा मौलिक दायित्व बनता है कि हम जल को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करे।

कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं संचयन विषय में जागरूकता लाने के लिए नारा लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें होम साइंस कालेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। होम साइंस कालेज की डीन डॉ. विमला ढ़ांडा ने सभी अतिथियों को पौधा भेंट किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........नित्य शक्ति टाइम्स........
दिनांक ....6.8.2019.... पृष्ठ सं. ....8.... कॉलम ....1-5....

# जल जीवन का मूल, इसका संरक्षण पहला दायित्व : संजेश

हिसार, 6 अगस्त (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग द्वारा एक दिवसीय जल संरक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की प्रथम महिला एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह की धर्मपत्नी डॉ. संजेश सिंह मुख्य अतिथि थीं जबकि एफ सी कॉलेज की प्रिंसिपल व अनुसंधान निदेशक की धर्मपत्नी डॉ. अनिता सहरावत विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थीं।

डॉ. संजेश सिंह ने कहा कि जल हमारे जीवन का मूल है और इसका संरक्षण हमारा प्रथम दायित्व है। जल ही जीवन है परन्तु जब इसे संरक्षित करने की बात आती है तब हम भूल जाते हैं और रोजमर्रा की जिंदगी में जल संचयन करने के बजाय इसे व्यर्थ करते हैं। यह हमारा मौलिक दायित्व बनता है कि हम जल को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करें। उन्होंने कृषि में पानी की बचत के महत्व को समझाया तथा सभी से अनुरोध किया कि जल प्रयोग को घटा कर कृषि एवं निर्माण कार्य के जल का पुनः प्रयोग करें।उन्होंने कहा कि हमें वर्षा के जल को संचित करके रखना चाहिए ताकि अन्य कार्यों में प्रयोग किया जा सके।



डॉ. संजेश ने होम साइंस कालेज के प्रांगण में पौधा रोपित करके कार्यक्रम की शुरूआत की तथा सभी से आह्वान किया कि हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने चाहिए ताकि वातावरण को अधिक से अधिक आक्सीजन मिल सके और पर्यावरण साफ व सुरक्षित रह सके। उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी को एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी सुरक्षा करनी चाहिए जब तक कि वो एक पेड़ ना बन जाए।

ऐसा करके हम अपने पर्यावरण को सुरक्षित रख सकेंगे और उसके प्रति अपना दायित्व भी निभा सकेंगे। इस अवसर पर सभी ने पौधारोपण किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिता सहरावत ने सभी से अनुरोध किया कि घर के कार्यों में इस्तेमाल लेने वाली पानी को व्यर्थ न बहाए इसका सही सदुपयोग करें और वेस्ट पानी से पौधों की सिंचाई करें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पेड़ लगाए ताकि दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाया जा सके। कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं संचयन विषय में जागरूकता लाने के लिए नारा लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें होम साइंस कालेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......सिटी पल्स......

दिनांक 6.8.2019 पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....1....

# हकृवि में एक दिवसीय जल संरक्षण कार्यशाला का आयोजन

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग द्वारा एक दिवसीय जल संरक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की प्रथम महिला एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह की धर्मपत्नी डॉ. संजेश सिंह मुख्य अतिथि थीं जबकि एफसी कॉलेज की प्रिंसिपल व अनुसंधान निदेशक की धर्मपत्नी डॉ. अनिता सहरावत विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थी।

डॉ. संजेश ने होम सांइस कालेज के प्रांगण में पौधा रोपित करके कार्यक्रम की शुरूआत की तथा सभी से आह्वान किया कि हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने चाहिए ताकि वातावरण को अधिक से अधिक ऑक्सीजन मिल सके। उन्होंने आहवान किया कि हम सभी को एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर सभी ने पौधारोपण किया।

विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिता सहरावत ने सभी से अनुरोध किया कि घर के कार्यों में इस्तेमाल लेने वाली पानी को व्यर्थ न बहाए इसका सही सदुपयोग करें और वेस्ट पानी से पौधों की सिंचाई करें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पेड लगाएं ताकि दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे पर्यावरण प्रदुषण पर अंकुश लगाया जा सके। कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं संचयन विषय में जागरूकता लाने हेतू नारा लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें होम साइंस कालेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........अमर उजाला........
दिनांक 7.8.2019 पृष्ठ सं. ...2... कॉलम ...1-3...

# स्वयं को किसी से कम न समझें लड़कियां : सरोज

माई सिटी रिपोर्टर

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्राओं को दुर्गा शक्ति टीम ने किया जागरूक**

हिसार। आज के समय में लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। लड़कियों को स्वयं को किसी से कम नहीं समझना चाहिए। उक्त बातें दुर्गा शक्ति रैपिड एक्शन फोर्स प्रभारी इंस्पेक्टर सरोज ने कही। वे मंगलवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्राओं को संबोधित कर रही थीं। कार्यक्रम का आयोजन लड़कियों को दुर्गा शक्ति ऐप और सेल्फ डिफेंस के बारे में जागरूक करने के लिए छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से गंगोत्री छात्रावास में किया गया था।

उन्होंने कहा कि लड़कियां समाज का आधार हैं। इनके बिना समाज की कल्पना करना भी संभव नहीं है। इस दौरान इंस्पेक्टर सरोज और उनकी दुर्गा शक्ति टीम ने छात्राओं के मोबाइल फोन में दुर्गा शक्ति ऐप को डाउनलोड करवाकर उसके इस्तेमाल के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



लड़की के मोबाइल में एप डाउन लोड करवातीं दुर्गा शक्ति की टीम की सदस्य। - अमर उजाला

## नशे से दूर रहने की अपील

इसके अलावा नशा मुक्ति मुहिम के तहत छात्र-छात्राओं से नशा से दूर रहने बारे अपील करते हुए नशा करने और बेचने वालों की जानकारी संबंधित थाना चौकी में देने की अपील की। साथ ही जिले में खुले हुए नशा मुक्ति केंद्रों बारे भी अवगत करवाया गया।

कार्यक्रम में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया, डॉ. जीतराम, डॉ. आरके गोदारा, डॉ. भगत सिंह, डॉ. प्रियंका, डॉ. मंजू मेहता सहित दुर्गा शक्ति टीम व छात्राएं मौजूद थीं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक भास्कर........

दिनांक ...7.8.2019... पृष्ठ सं. ...2... कॉलम ...6-8...

# एचएयू में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए

**भास्कर न्यूज़ | हिसार**



एचएयू में छात्राओं को संबोधित करते हुए दुर्गा शक्ति टीम प्रभारी इंस्पेक्टर सरोज।

वर्तमान में लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। लड़कियों को स्वयं को किसी से कम नहीं समझना चाहिए। यह बात दुर्गा शक्ति रेपिड एक्शन फोर्स प्रभारी इंस्पेक्टर सरोज ने कही। वे चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्राओं को संबोधित कर रही थीं। कार्यक्रम का आयोजन लड़कियों को दुर्गा शक्ति एप और सेल्फ डिफेंस बारे जागरूक करने के लिए छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से गंगोत्री छात्रावास में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में डॉ देवेंद्र सिंह दहिया, डॉ जीतराम, डॉ आर के गोदारा, डॉ भगत सिंह मौजूद थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....पंजाब केसरी....

दिनांक ..7.8.2019.. पृष्ठ सं. ..2.. कॉलम ..5-6..

# स्वयं को किसी से कम न समझें लड़कियां : इंस्पैक्टर सरोज

हिसार, 6 अगस्त (ब्यूरो): आज के समय में लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। लड़कियों को स्वयं को किसी से कम नहीं समझना चाहिए। यह बात दुर्गा शक्ति रैपिड एक्शन फोर्स प्रभारी इंस्पैक्टर सरोज ने कही। वे चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्राओं को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि लड़कियां समाज का आधार हैं, इनके बिना समाज की कल्पना करना भी संभव नहीं है। कार्यक्रम में छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेंद्र सिंह दहिया, डा. जीतराम, डा. आर.के. गोदारा, डा. भगत सिंह डा. प्रियंका, डा. मंजू मेहता सहित दुर्गा शक्ति टीम व छात्राएं मौजूद थी।



छात्राओं को संबोधित करते हुए दुर्गा शक्ति टीम प्रभारी इंस्पैक्टर सरोज।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........हरि. भूमि........

दिनांक ...7. 8. 2019... पृष्ठ सं. ...12... कॉलम ...7-8...

## स्वयं को कम न समझें लड़कियां : सरोज

हिसार। वर्तमान समय में लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के साथ आगे बढ़ रही हैं। लड़कियों को स्वयं को किसी से कम नहीं समझना चाहिए। यह बात दुर्गा शक्ति रैपिड एक्शन फोर्स प्रभारी इंस्पेक्टर सरोज ने कही। वे हकृवि में छात्राओं को संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम का आयोजन लड़कियों को दुर्गा शक्ति ऐप और



सेल्फ डिफेंस बारे जागरूक करने के लिए छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से गंगोत्री छात्रावास में आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि लड़कियां समाज का आधार हैं, इनके बिना समाज की कल्पना करना भी संभव नहीं है। आज के समाज मे फैली बुराइयों से लड़ने के लिये लड़कियों को खुद ही सजग एवं सतर्क बनना पड़ेगा। इस दौरान इंस्पेक्टर सरोज और उनकी दुर्गा शक्ति टीम ने छात्राओं के मोबाइल फोन में दुर्गा शक्ति ऐप को डाउनलोड करवाकर उसके इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी। छात्रावास में एक साथ करीब 200 छात्राओं ने दुर्गा शक्ति ऐप को अपने मोबाइल फोन में डाउनलोड किया। इसके अतिरिक्त नशामुक्ति मुहिम के तहत छात्र-छात्राओं से नशा से दूर रहने बारे अपील करते हुए नशा करने और बेचने वालों की जानकारी सबंधित थाना चौकी में देने की अपील की। साथ ही हिसार जिले में खुले हुए नशामुक्ति केंद्रों बारे भी अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया, डॉ. जीतराम, डॉ. आरके गोदारा, डॉ. भगत सिंह, डॉ. प्रियंका, डॉ. मंजू महता आदि उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक हिसार....
दिनांक 6.8.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 1-4

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में छात्राओं को दुर्गा शक्ति टीम ने किया जागरूक

हिसार: आज के समय में लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से पीछे नहीं हैं। प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। लड़कियों को स्वयं को किसी से कम नहीं समझना चाहिए। यह बात दुर्गा शक्ति रैपिड एक्शन फोर्स प्रभारी इंस्पेक्टर सरोज ने कही। वे चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्राओं को संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम का आयोजन लड़कियों को दुर्गा शक्ति ऐप और सेल्फ डिफेंस बारे जागरूक करने के लिए छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से गंगोत्री छात्रावास में आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि लड़कियां समाज का आधार हैं, इनके बिना समाज की कल्पना करना भी संभव नहीं है। आज के समाज मे फैली बुराइयों से लड़ने के लिये लड़कियों को खुद ही सजग एवं सतर्क बनना पड़ेगा। इसके अलावा हिम्मत दिखाकर ही असामाजिक तत्वों को मात दी जा सकती है। इस दौरान इंस्पेक्टर सरोज और उनकी दुर्गा शक्ति टीम ने छात्राओं के मोबाइल फोन में दुर्गा शक्ति ऐप को डाउनलोड करवाकर उसके इस्तेमाल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्रावास में एक साथ करीब 200 छात्राओं ने दुर्गा शक्ति ऐप को अपने मोबाइल फोन में डाउनलोड किया। दुर्गा शक्ति प्रभारी ने इसके अलावा सेल्फ डिफेंस बारे भी छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपने खानपान का विशेष ध्यान रखना होगा ताकि वे मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत हो सकें। उन्होंने छात्राओं से फास्ट फूड से दूर रहने का आह्वान किया। इसके अतिरिक्त नशा मुक्ति मुहिम के तहत छात्र-छात्राओं से नशा से दूर रहने बारे अपील करते हुए नशा करने और बेचने वालों की जानकारी सबंधित थाना चौकी में देने की अपील की।

**स्वयं को किसी से कम न समझें लड़कियां: इंस्पेक्टर सरोज**



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......निलय शक्ति टाइम्स......
दिनांक 6.8.2019 पृष्ठ सं. ...3... कॉलम ...1-2...

# स्वयं को किसी से कम न समझें लड़कियांः इंस्पेक्टर सरोज

हिसार, 6 अगस्त ( निस )। आज के समय में लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से पीछे नहीं हैं। प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। लड़कियों को स्वयं को किसी से कम नहीं समझना चाहिए। यह बात दुर्गा शक्ति रैपिड एक्शन फोर्स प्रभारी इंस्पेक्टर सरोज ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम का आयोजन लड़कियों को दुर्गा शक्ति ऐप और सेल्फ डिफेंस बारे जागरूक करने के लिए छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से गंगोत्री छात्रावास में आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि लड़कियां समाज का आधार हैं, इनके बिना समाज की कल्पना करना भी संभव नहीं है। आज के समाज मे फैली बुराइयों से लड़ने के लिये लड़कियों को खुद ही सजग एवं सतर्क बनना पड़ेगा। इसके अलावा हिम्मत दिखाकर ही असामाजिक तत्वों को मात दी जा सकती है। इस दौरान इंस्पेक्टर सरोज और उनकी दुर्गा शक्ति टीम ने छात्राओं के मोबाइल फोन में दुर्गा शक्ति ऐप को डाउनलोड करवाकर उसके इस्तेमाल के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......सिटी पल्स......
दिनांक 6.8.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 1-4

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्राओं को दुर्गा शक्ति टीम ने किया जागरूक

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। आज के समय में लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से पीछे नहीं हैं। प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। लड़कियों को स्वयं को किसी से कम नहीं समझना चाहिए। यह बात दुर्गा शक्ति रैपिड एक्शन फोर्स प्रभारी इंस्पेक्टर सरोज ने कही। वे हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्राओं को संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम का आयोजन लड़कियों को दुर्गा शक्ति ऐप और सेल्फ डिफेंस बारे जागरूक करने के लिए छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से गंगोत्री छात्रावास में आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि लड़कियां समाज का आधार हैं, इनके बिना समाज की कल्पना करना भी संभव नहीं है। आज के समाज मे फैली बुराइयों से लड़ने के लिए लड़कियों को खुद ही सजग एवं सतर्क बनना पड़ेगा। इसके अलावा हिम्मत दिखाकर ही असामाजिक तत्वों को मात दी जा सकती है। इसके अतिरिक्त नशा मुक्ति मुहिम के तहत छात्र-छात्राओं से नशा से दूर रहने बारे अपील करते हुए नशा करने और बेचने वालों की जानकारी सबंधित थाना चौकी में देने की अपील की। साथ ही हिसार जिले में खुले हुए नशा मुक्ति केंद्रों बारे भी अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में छात्र कल्याण निदेशक डॉ देवेंद्र सिंह दहिया, डॉ. जीतराम, डॉ. आर के गोदारा, डॉ. भगत सिंह, डॉ. प्रियंका, डॉ. मंजू मेहता सहित दुर्गा शक्ति टीम व छात्राएं मौजूद थी।



*हिसार। छात्राओं को संबोधित करते हुए दुर्गा शक्ति टीम प्रभारी इंस्पेक्टर सरोज।*

2-3 कालम

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....अमर उजाला....

दिनांक ..7.8.2019.. पृष्ठ सं. ..6.. कॉलम ..1-2..

## कैंपस के वंश ने जीता स्वर्ण पदक



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के कक्षा तीसरी के छात्र वंश ने राज्य स्तर पर 11वें धमिका काई कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता हरियाणा धमिका काई कराटे संघ द्वारा बहादुरगढ़ में आयोजित की गई थी। कैंपस स्कूल के नियंत्रण अधिकारी डॉ. एसके ठकराल, प्रधानाचार्या सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला, खेल अध्यापिका बक्शो, राकेश तथा सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने वंश की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उसे बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार**

**लोक संपर्क कार्यालय**

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक भास्कर, पंजाब केसरी....

दिनांक ..7.8.2019.... पृष्ठ सं. ...2, 4.... कॉलम ...1-2, 6....

## हकृवि के कैंपस स्कूल के वंश ने जीता गोल्ड



हिसार | एचएयू के कैंपस स्कूल के कक्षा तीसरी के छात्र वंश ने राज्य स्तर पर 11वें धमिका काई कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता हरियाणा धमिका काई कराटे संघ द्वारा बहादुरगढ़ में आयोजित की गई। कैंपस स्कूल के नियंत्रण अधिकारी डॉ. एस.के. ठकराल, प्रधानाचार्या सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला ने बधाई दी।

## वंश ने जीता स्वर्ण पदक



*वंश स्कूल स्टाफ के साथ*

हिसार, 6 अगस्त (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के कक्षा तीसरी के छात्र वंश ने राज्य स्तर पर 11वें धमिका काई कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता हरियाणा धमिका काई कराटे संघ द्वारा बहादुरगढ़ में आयोजित की गई थी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ...दैनिक जागरण, हरि. भूमि...
दिनांक ...7.8.2019... पृष्ठ सं. ...19... कॉलम ...2-4...

## हकृवि के कैंपस स्कूल के वंश ने जीता स्वर्ण

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के कक्षा तीसरी के छात्र वंश ने राज्यस्तरीय कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता हरियाणा धमिका काई कराटे संघ द्वारा बहादुरगढ़ में आयोजित की गई थी। कैंपस स्कूल के नियंत्रण अधिकारी डा. एसके ठकराल, प्रधानाचार्या सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला, खेल अध्यापिका बक्शो, राकेश और सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने वंश की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उसे बधाई दी।

## हकृवि के कैंपस स्कूल के वंश ने जीता स्वर्ण पदक

हिसार। हकृवि कैंपस स्कूल के कक्षा तीसरी के छात्र वंश ने राज्य स्तर पर 11वें धमिका काई कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता हरियाणा धमिका काई कराटे संघ द्वारा बहादुरगढ़ में आयोजित की गई थी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........नभ छोर........

दिनांक 6.8.2019 पृष्ठ सं. ....8.... कॉलम 7-8

# कैंपस स्कूल के वंश ने जीता स्वर्ण पदक




हिसार/06 अगस्त/रिपोर्टर: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के कक्षा तीसरी के छात्र वंश ने राज्य स्तर पर 11वें धमिका काई कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। कैंपस स्कूल के नियंत्रण अधिकारी डॉ. एसके ठकराल, प्रधानाचार्या सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला, खेल अध्यापिका बक्शो, राकेश तथा अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने वंश की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उसे बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....सिटी पल्स....
दिनांक 6.8.2019 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 3-4

# हकृवि के कैंपस स्कूल के वंश ने जीता स्वर्ण पदक



सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के कक्षा तीसरी के छात्र वंश ने राज्य स्तर पर 11वें धमिका काई कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता हरियाणा धमिका काई कराटे संघ द्वारा बहादूरगढ़ में आयोजित की गई थी। कैंपस स्कूल के नियंत्रण अधिकारी डॉ. एसके ठकराल, प्रधानाचार्या सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला, खेल अध्यापिका बक्शो, राकेश तथा सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने वंश की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उसे बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......अमर उजाला, भूमि.......

दिनांक 7.8.2019 पृष्ठ सं. ....4, 14 कॉलम ....7-8, 4....




हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में संत गुरु नानक देव के 550वें गुरुपर्व के उपलक्ष्य में छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से आयोजन की शुरुआत की गई। इस संबंध में कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में पहला आयोजन हुआ, जिसमें भाई कुलदीप सिंह ने अपने साथियों सहित गुरु नानक देव की शिक्षाओं के बारे में व्याख्यान दिया।



## गुरुनानक देव पर कार्यक्रम का आयोजन

हिसार। हकृवि में संत गुरुनानक देव के 550 वें गुरूपर्व के उपलक्ष्य में छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से आयोजन की शुरूआत की गई। इस संबंध में कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में पहला आयोजन हुआ जिसमें कुलदीप सिंह व अन्यों ने गुरुनानक देव की शिक्षाओं के बारे में व्याख्यान देने के साथ शब्द भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने की। इस अवसर पर डॉ. आरके गोदारा, डॉ. जीतराम शर्मा, डॉ. सुशील लेगा, डॉ. बलजीत गिरधर, डॉ. अनिल ढाका व डॉ. संध्या शर्मा आदि मौजूद थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक भास्कर........
दिनांक 7.8.2019 पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....1-5....

नया कॉन्सेप्ट• दो दिन टीम ने प्रोजेक्ट की छोटी बड़ी जानकारियां हासिल कीं, वीसी से मिल काम को भी सराहा

# एबिक सेंटर शुरू करने को खड़गपुर की टीम जान रही बारीकियां

भास्कर न्यूज़ | हिसार

देश में नाबार्ड ने मदुरै और हिसार को ही एग्रीबिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर को करोड़ों की रुपये की ग्रांट दी है, अब आईआईटी खड़गपुर को भी अपना एबिक सेंटर मिलने जा रहा है। यह स्टार्टअप के लिए एकदम नया कॉन्सेप्ट है इसलिए सोमवार को आईआईटी खड़गपुर से एक टीम हिसार के एचएयू में एबिक सेंटर को देखने के लिए पहुंची।

सोमवार और मंगलवार दो दिन तक टीम ने इस प्रोजेक्ट की छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी जानकारियां हासिल की। इसके बाद कुलपति प्रो. केपी सिंह से भी मुलाकात कर एबिक सेंटर के कॉरपोरेट कल्चर को सराहा। इसमें उन्होंने अपने अनुभव शेयर करते हुए कहा कि हम आईआईटी में बड़े-बड़े मॉडल्स डिजायन करते हैं मगर एबिक सेंटर के बारे में अधिक जानकारी नहीं थी, क्योंकि यह नया कॉन्सेप्ट है। मगर एचएयू के एबिक सेंटर को जानने के बाद इसी तर्ज पर खड़गपुर में भी सेंटर खड़ा किया जाएगा। इसके साथ ही एचएयू की मदद से विभिन्न जानकारियां भी एक दूसरे से साझा करेंगे।



आईआईटी खड़गपुर की टीम को सेंटर के बारे में जानकारी देतीं नोडल अफसर सीमा रानी।

## प्रचार-प्रसार तक के तरीकों पर हुई बात

आईआईटी की टीम ने पहले दिन एबिक सेंटर में सबसे पहले सेटअप देखा। इसके बाद इसमें सोसाइटी बनाने की प्रक्रियाएं, किस-किस प्रकार की एक्टिविटी कराई जाती हैं, एबिक प्रशासन की नियुक्तियां उनके काम करने के तरीके, उनका रोजाना का काम, फॉलोअप आदि को विस्तृत रूप में जाना। इसमें बताया गया कि लोगों तक पहुंचने के लिए ऑनलाइन से लेकर सभी प्रकार के माध्यमों का प्रयोग किस प्रकार किया गया यह भी टीम के साथ साझा किया गया।

## 40 एक्सपर्ट चयनित किए गए

टीम ने जाना कि एचएयू में स्थापित एबिक सेंटर में सबसे पहले कई प्रकार की एक्टिविटी, नेशनल स्टार्टअप समिट, अंत्रप्रन्योर्स के लिए विशेष ड्राइव आदि चलाकर उन तक सबसे पहले पहुंच बनाई गई, फिर ट्रेनिंग मॉड्यूल भी तैयार किए गए हैं, जिसके तहत पहल कार्यक्रम में आवेदन लिए और बेहतर विचारों वाले लोगों को चयनित किया गया। अब इन लोगों के साथ दो महीने की ट्रेनिंग शुरू कर दी गई है। जिसे देने के लिए अलग-अलग फील्ड से ट्रेनिंग के लिए 40 एक्सपर्ट चयनित किए हैं जो प्रैक्टिकल आधारित जानकारियां देंगे। ताकि बिजनेस मॉडल कैसे सक्सेस तक पहुंचाएं। इसके साथ ही बड़े संस्थानों से तकनीकी कोई इन्क्यूबेटर लेता है तो कितना खर्चा होगा आदि जानकारियां भी टीम ने ली। इस सेंटर को स्थापित करने में सेंटर प्रशासन का क्या रोल रहेगा, बजट का किस प्रकार प्रयोग करना है जैसे प्रश्नों के जवाब भी टीम को दिए गए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........अमर उजाला........
दिनांक 7.8.2019 पृष्ठ सं. ....6.... कॉलम ....1-6....

# एचएयू के एग्रो मार्ट के आइडिया को आईआईटी खड़गपुर भी अपनाएगा

अमित भारद्वाज

हिसार। हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी (एचएयू) के एग्रो मार्ट के आइडिया आईआईटी खड़गपुर को इतना पसंद आया कि अब उसने भी अपने यहां ऐसा ही मार्ट खोलने का फैसला किया है। आईआईटी खड़गपुर की तीन सदस्यीय टीम एचएयू के इन्क्यूबेशन सेंटर का दौरा करने के लिए यहां आई थी। इस दौरान टीम ने इन्क्यूबेशन सेंटर की कार्यप्रणाली को अच्छी तरह से जाना। टीम मंगलवार दोपहर को रवाना हो गई।

दरअसल नाबार्ड की तरफ से एचएयू को एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर (एबिक) खोलने के लिए ग्रांट मिली थी। आईआईटी खड़गपुर को भी नाबार्ड की तरफ से ऐसी ही ग्रांट मिली है। चूंकि एचएयू में इन्क्यूबेशन सेंटर पूरी तरह से स्थापित हो चुका है तो आईआईटी खड़गपुर की टीम इस सेंटर को देखने आई थी, जिससे उन्हें भी ऐसा ही सेंटर स्थापित करने में मदद मिल सके। बता दें कि आईआईटी खड़गपुर ही एकमात्र ऐसा संस्थान है, जहां एग्रीकल्चरल फूड एंड इंजीनियरिंग कोर्स संचालित किया जा रहा है।

## हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को आईआईटी खड़गपुर में पढ़ने का मिलेगा मौका



डॉ. राजेंद्र सिंह के मुताबिक भविष्य में दोनों संस्थान अपने-अपने एक्सपर्ट्स व स्टूडेंट्स को शेयर करेंगे। इससे दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों व एक्सपर्ट्स को फायदा होगा, क्योंकि उन्हें कुछ अलग जानने का मौका मिलेगा। डॉ. राजेंद्र सिंह ने बताया कि अक्तूबर में एचएयू में होने वाली नेशनल कान्फ्रेंस में पार्टनरशिप करने का फैसला किया है।

## टीम ने इन चीजों को जाना

आईआईटी खड़गपुर की टीम ने जाना कि यह सेंटर स्थापित करने से पहले कौन सी औपचारिकताओं को पूरा किया गया। साथ ही किस तरह समस्याएं उनके सामने आईं। सेंटर में कितना स्टाफ है और किसकी क्या ड्यूटी है। सेंटर की कार्यप्रणाली को अच्छी तरह से समझाने के लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन की तरफ से टीम को एक प्रेजेंटेशन भी दी गई।

## एग्रो मार्ट ने किया आकर्षित

टीम ने एचएयू के एग्रो मार्ट का भी दौरा किया और उन्हें यह आइडिया काफी पसंद आया। आईआईटी खड़गपुर के एग्रीकल्चरल फूड एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के पूर्व एचओडी डॉ. राजेंद्र सिंह ने बताया कि उनके संस्थान के विद्यार्थी भी तरह-तरह के प्रोडक्ट बनाते हैं। वह भी एग्रो मार्ट की तर्ज पर विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए प्रोडक्ट बेचेंगे।

## एग्रीकल्चर में करियर की संभावनाएं

डॉ. राजेंद्र सिंह ने बताया कि एग्रीकल्चर में आने वाला समय मशीन लर्निंग, ऑटोमेशन इन एग्रीकल्चर और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंट इन एग्रीकल्चर का होगा। अभी तक हमारे देश में ज्यादातर किसानों के पास आधुनिक मशीनें नहीं हैं। उधर देश के प्रधानमंत्री भी किसानों की आय दोगुनी करने की बात कर रहे हैं। ऐसे में एग्रीकल्चर में स्टार्टअप का सुनहरा मौका है।

**आईआईटी खड़गपुर की तीन सदस्यीय टीम ने यूनिवर्सिटी के इन्क्यूबेशन सेंटर का किया दौरा**

**आईआईटी खड़गपुर ही एकमात्र ऐसा संस्थान है, जहां एग्रीकल्चरल फूड एंड इंजीनियरिंग कोर्स होते हैं संचालित**